

# चौथा टेस्ट : पहले दिन की पारी में भारत ने 3 विकेट पर बनाए 149 रन

**खास बातें**

- इंग्लैंड ने दूसरे सत्र में झटके अहम विकेट
- जायसवाल-राहुल संभले, इंग्लैंड ने चायकाल तक ली वापसी
- राहुल, जायसवाल और गिल पवेलियन लौट
- इंग्लैंड ने गेंदबाजी चुनी, भारत के लिए करो या मरो का मुकाबला



**मैनचेस्टर. एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी सीरीज के चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन बुधवार को इंग्लैंड के खिलाफ चायकाल तक भारत ने तीन विकेट के नुकसान पर 149 रन बना लिए हैं.**

यशस्वी जायसवाल (58) और केएल राहुल (46) ने धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया, लेकिन दूसरे सत्र में इंग्लैंड ने वापसी करते हुए भारत के तीन महत्वपूर्ण विकेट चटका दिए. इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. बल्लेबाजी करने उतरी केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल की भारतीय सलामी जोड़ी ने पहले सत्र में बिना कोई विकेट गंवाए 78 रन बनाए थे.भोजनकाल के बाद, भारतीय सलामी जोड़ी ने स्कोर में 16 रन और जोड़े थे कि क्रिस वोक्स ने केएल राहुल (46 रन, 98 गेंद, 4 चौके) को जैक क्रॉली के हाथों कैच आउट कराकर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई. इसके बाद, लियाम डॉसन ने जायसवाल का विकेट लिया. जायसवाल ने 107 गेंदों में 10 चौके और एक छक्के की मदद से 58 रनों की पारी खेली. इंग्लैंड को तीसरी सफलता कप्तान बेन स्टोक्स ने दिलाई, जिन्होंने भारतीय कप्तान शुभमन गिल (12 रन, 23 गेंद, 1 चौका) को पगबाधा आउट किया. चायकाल के समय साई सुदर्शन (नाबाद 26) और ऋषभ पंत (नाबाद 3) क्रीज पर हैं.

**भारत के लिए सीरीज जीतना अहम**

भारत के लिए यह मैच करो या मरो का है, क्योंकि यहां शिकस्त मिलने पर उसका सीरीज जीतने का सपना टूट जाएगा. वहीं, विपक्षी टीम इंग्लैंड की कोशिश रहेगी कि वह इस मैच को जीतकर सीरीज अपने नाम करे. टीम इंडिया इस मैच में तीन बदलाव के साथ उतरी है; करुण नायर की जगह साई सुदर्शन, और चोटिल आकाश दीप व नीतीश रेड्डी की जगह अंशुल कंबोज व शार्दुल ठाकुर को मौका मिला है.

भारत प्लेइंग इलेवन: यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जड़ेजा, वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, अंशुल कंबोज. इंग्लैंड प्लेइंग इलेवन- जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), लियाम डॉसन, क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर.

# मारक्रम को सनराइजर्स ने किया रिलीज




**केपटाउन, 23 जुलाई. दक्षिण अफ्रीकी-20 टूर्नामेंट की फ्रेंचाइजी सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने सबको आश्चर्यचकित करते हुए अपने कप्तान एडन मारक्रम को आगामी सीजन के लिए रिलीज कर दिया है.**

दक्षिण अफ्रीकी-20 की छह फ्रेंचाइजी ने सीजन 2026 की नीलामी से पहले अपने रिटेंशन और प्री-साइनिंग की घोषणा कर दी है. नियमों के तहत प्रत्येक टीम में अधिकतम छह खिलाड़ियों को शामिल किया जा सकता है, 'तीन दक्षिण अफ्रीकी और तीन अंतरराष्ट्रीय' और टीमों को वाइल्डकार्ड अनुबंध की भी अनुमति है जोकि घरेलू और विदेशी खिलाड़ी हो सकता है. प्रत्येक टीम में 18 सदस्य होने चाहिए.

गत विजेता, मुंबई इंडियंस केप टाउन ने इस साल फरवरी में खिताब जीतने वाली अपनी टीम के मुख्य खिलाड़ियों को बरकरार रखा है. जॉर्ज लिंडे, रयान रिकेल्टन, कॉर्बिन बॉश घरेलू रिटेंशन में थे, जबकि निकोलस पूरन, राशिद खान और ट्रेंट बोल्ट उनके विदेशी रोस्टर का हिस्सा थे. शीर्ष तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा को वाइल्डकार्ड अनुबंध मिला, जिससे गत विजेता टीम के पास सभी टीमों में सबसे कम 654,000 अमेरिकी डॉलर की राशि बची.

# चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स फिर शिखर पर

**6-15 अगस्त तक होगा आयोजन**




**चेन्नई. भारत का प्रतिष्ठित क्लासिकल शतरंज टूर्नामेंट, चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स, अपने तीसरे संस्करण के लिए 6 से 15 अगस्त तक हयात रीजेंसी चेन्नई में लौटेगा.**

यह टूर्नामेंट मास्टर्स और चैलेंजर्स श्रेणियों में 20 खिलाड़ियों को आकर्षित करेगा, जिसमें 1 करोड़ का रिकॉर्ड पुरस्कार पूल और 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए महत्वपूर्ण एफआईडीई सर्किट अंक दांव पर होंगे. एमजीडी1 द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में मास्टर्स श्रेणी में अनीश गिरी, अर्जुन एरिगैसी, विदित गुजराती, निहाल सरीन जैसे वैश्विक सितारे शामिल होंगे. चैलेंजर्स श्रेणी में कार्तिकेयन मुरली, लियोन मेंडोंका, वैशाली आर, हरिका द्रोणावल्ली जैसे भारत के उभरते खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखाएंगे.

# राहुल और जायसवाल की जोड़ी पर मांजरेकर मुग्ध



**मैनचेस्टर, 23जुलाई.क्रिकेट विशेषज्ञ संजय मांजरेकर का मानना है कि केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल की जोड़ी ने टेस्ट बल्लेबाजी पर अपनी पकड़ बनाली है.**

जियोहॉटस्टार विशेषज्ञ मांजरेकर ने बुधवार को चौथे टेस्ट के पहले दिन के पहले सत्र के समापन के बाद 'मैच सेंटर लाइव' पर केएल राहुल-जायसवाल की साझेदारी पर अपने विचार साझा करते हुए कहा, केएल राहुल और जायसवाल ने सलामी जोड़ीदार के रूप में लगभग 500-600 रन बनाए हैं, इसका कारण उनकी कड़ी मेहनत है. केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल द्वारा बनाई गई नींव, दोनों ने इस पारी में 30 प्लस रन बनाए हैं, वह भी दो घंटे की बेहतरीन टेस्ट-मैच बल्लेबाजी के बाद. सीरीज के पहले दिन, जब उन्हें टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करनी पड़ी, तो मैं चकित रह गया कि जिस तरह से भारतीय बल्लेबाजों की इस टी-20 पीढ़ी ने खुद को ढाला है, वह शानदार है. मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूँ कि जायसवाल और केएल राहुल दोनों ने अपनी पकड़ बना ली है. उन्होंने राहुल की निरंतरता और विदेशी टेस्ट परिस्थितियों में उनकी बल्लेबाजी शैली के अनुकूल होने के बारे में कहा, केएल राहुल के पास शॉट खेलने का सही तरीका है. इंग्लैंड में कहा जाता है कि जब गेंद ऊपर की ओर आती है, तो आप ड्राइव लगाकर दो रन लेते हैं, बाउंड्री नहीं. उन्होंने अपने दो कवर ड्राइव के साथ ठीक यही किया.

इसलिए भारत के पास केएल राहुल जैसा बल्लेबाज है जिसने आखिरकार अपनी बल्लेबाजी में निरंतरता हासिल कर ली है. यह तेज आउटफील्ड नहीं है, इसलिए उनके कई शॉट दो रन के लिए गए. लेकिन हाँ, हम केएल राहुल से यही उम्मीद करते हैं. हम यह भी देखते हैं कि अब कई युवा बल्लेबाज अतीत के दिग्गजों के बराबर पहुंच रहे हैं, और लगातार ऐसा कर रहे हैं. एक कारण यह है कि वे अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं. दूसरा कारण यह है कि भारत अब इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसी जगहों पर बहुत सारे टेस्ट मैच खेलता है, लगभग हर दो साल में जियोहॉटस्टार विशेषज्ञ जोनाथनट्रॉट ने शीर्ष म में केएल राहुल की भूमिका की प्रशंसा की और भारतीय ड्रेसिंग रूम में उनके द्वारा लाए गए शांत और व्यवस्थित रवैये का उल्लेख करते हुए कहा, मुझे लगता है कि केएल राहुल भारत के लिए एक वास्तविक आधार रहे हैं.

**एक नजर में**



## रग्बी वर्ल्ड कप प्ले-ऑफ युगांडा में

**कंपाला.** युगांडा रग्बी विश्व कप 2027 के लिए एशिया/ अफ्रीका प्ले-ऑफ मैच की मेजबानी करेगा. यह मुकाबला मंडेला नेशनल स्टेडियम में 26 जुलाई को नामीबिया और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच खेला जायेगा. अफ्रीकी क्वालीफायर में जिम्बाब्वे से हारने वाले नामीबिया के पास यूएई के खिलाफ इस निर्णायक मुकाबले में अपनी विश्वकप की उम्मीदों को जिंदा रखने का दूसरा मौका होगा. मेजबानी को लेकर रग्बी अफ्रीका के अध्यक्ष हर्बर्ट मेन्सा ने कहा, हमें खुशी है कि एशिया/ अफ्रीका प्ले-ऑफ भी युगांडा में होगा. युगांडा के लिए एक और बड़े मैच की मेजबानी करना एक शानदार अवसर है. हम इसे संभव बनाने के लिए सरकार और युगांडा रग्बी यूनियन के आभारी हैं. यूएई की टीम मंगलवार को युगांडा पहुंच गई है.




## एफआईएच प्रो लीग में पाक को मिला मौका

**लुसाने (स्विट्जरलैंड).** हॉकी न्यूजीलैंड द्वारा पिछले महीने एफआईएच हॉकी नेशंस कप जीतने के बावजूद अगले एफआईएच हॉकी प्रो लीग पुरुष सत्र में भाग न लेने के अपने निर्णय की अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) को सूचना देने के बाद, एफआईएच ने नियमों के अनुसार, नेशंस कप उपविजेता, यानी पाकिस्तान को 2025-26 प्रो लीग संस्करण में शामिल होने का निमंत्रण दिया है. पाकिस्तान हॉकी संघ को निमंत्रण स्वीकार या अस्वीकार करने के अपने निर्णय के बारे में एफआईएच को सूचित करने के लिए 12 अगस्त तक की समय सीमा दी गई है. 2024-25 एफआईएच हॉकी प्रो लीग में डच महिला और पुरुष दोनों टीमों को चैंपियन घोषित किया गया. आगामी सत्र लीग ऑफ द बेस्ट का सातवां सत्र होगा.



## सिंधु ने दिलाई शानदार जीत

**चांगझोउ.** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने बुधवार को चांगझोउ के ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर जिम्नेजियम में चल रहे प्रतिष्ठित बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट चाइना ओपन 2025 में रोमांचक जीत के साथ महिला एकल के राउंड-ऑफ-16 में प्रवेश किया. विश्व नंबर 6 जापान की तोमोकामियाजाकी के खिलाफ, सिंधु (विश्व रैंकिंग 15) ने अपनी विशिष्ट दृढ़ता का परिचय देते हुए तीन गेमों के कड़े मुकाबले में 21-15, 8-21, 21-17 से जीत हासिल की. दूसरा गेम हारने के बाद, भारतीय खिलाड़ी ने निर्णायक गेम में बढ़त बनाए रखते हुए जीत पक्की कर ली. सिंधु का प्री क्वार्टर फाइनल में 17 वर्षीय उन्नति हुड्डा से मुकाबला होगा जिन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए अनुभवी स्कॉटिशशटलरक्रिस्टीगिलमोर को केवल 36 मिनट में 21-11, 21-16 से हराया.

# ओरिएंटल कप में संत फ्रांसिस का जलवा

## बारिश के बाद भी मैचों में रोमांच बरकरार



**नयी दिल्ली, 23 जुलाई. सुबह की तेज बारिश के कारण दिन की शुरुआत में देरी हुई, इसके बावजूद डॉ. अंबेडकर स्टेडियम में ओरिएंटल कप 2025 के तीसरे दिन का खेल रोमांचक रहा.**

जनकपुरी स्थित सेंट फ्रांसिस डी सेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की टीमों ने लड़कों और लड़कियों दोनों वर्गों में शानदार जीत दर्ज करते हुए अपना दबदबा कायम किया। द मदर्स इंटरनेशनल स्कूल और एमिटी इंटरनेशनल की लड़कों की टीमों ने पेनल्टी शूटआउट में जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया, जबकि हेरिटेज ग्लोबल स्कूल और न्यू ग्रीन फील्ड स्कूल ने भी कड़ी टक्कर वाले मुकाबलों में जीत हासिल की। लड़कियों की ग्रुप ए की दोनों मुकाबले ड्रॉ रहे, जिससे अंक तालिका और भी दिलचस्प हो गई है.

# राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक लोकसभा में पेश

## प्रशासकों की उम्र और कार्यकाल में लचीलापन



**नई दिल्ली. बुधवार को लोकसभा में राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक पेश किया गया, जिसके साथ ही भारत अब अमेरिका, ब्रिटेन, चीन और जापान जैसे देशों की श्रेणी में शामिल हो गया है, जिनके पास सुव्यवस्थित खेल प्रशासनिक व्यवस्था के लिए कानून मौजूद हैं.**

यह विधेयक, एक बार अधिनियम बनने के बाद, 2011 से शुरू हुई उस यात्रा को पूरा करेगा, जिसका उद्देश्य खेल प्रशासकों के लिए मानक स्थापित करना था. नया विधेयक एक राष्ट्रीय खेल बोर्ड, एक राष्ट्रीय खेल न्यायाधिकरण और एक राष्ट्रीय खेल चुनाव पैनल के माध्यम से भारतीय खेलों में जवाबदेही लाने का लक्ष्य रखता है. यह विधेयक वर्षों के परामर्श और न्यायिक समीक्षा के बाद खेल संहिता से महत्वपूर्ण बदलावों के साथ सामने आया है, जिसका उद्देश्य न्यायपालिका पर मुकदमों का बोझ कम करना भी है. खेल संहिता में प्रशासकों की आयु 70 वर्ष तक सीमित थी.

# जैनिक सिनर ने फेरारा को फिर चुना

- डोपिंग जांच के बाद मार्च में टीम से हुए थे अलग
- फेरारा ने सिनर के विकास में निभाई अहम भूमिका



**लंदन. विंबलडन चैंपियन जैनिक सिनर ने बुधवार को पुष्टि की कि उन्होंने अपने पूर्व फिटनेस कोच, अम्बर्टो फेरारा को तत्काल प्रभाव से फिर से नियुक्त कर लिया है.सिनर ने पिछले साल फेरारा और फिजियोथेरेपिस्ट जियाकोमो नाल्डी से अलग होने का फैसला किया था.**

यह अलगाव मार्च में प्रतिबंधित पदार्थ क्लोस्टेबोल के लिए उनके सकारात्मक परीक्षणों की जांच के बाद हुआ था.

सिनर की टीम के एक बयान में कहा गया है, यह निर्णय जैनिक की प्रबंधन टीम के साथ मिलकर आगामी टूर्नामेंटों, जिसमें सिनसिनाटी ओपन और यूएस ओपन शामिल हैं, की चल रही तैयारियों के हिस्से के रूप में लिया गया है.

**टूर्नामेंट** 2026 में हो सकता है दूसरा संस्करण

# चैंपियंस लीग टी20 की वापसी तय



**नयी दिल्ली, 23 जुलाई. चैंपियंस लीग ट्वंटी20 वापसी के लिए तैयार है और इसका दूसरा संस्करण बड़ा और बेहतर होगा. अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के सदस्यों ने हाल ही में सिंगापुर में आईसीसी के वार्षिक सम्मेलन के दौरान बैठक की, विभिन्न देशों की घरेलू ट्वंटी20 लीगों की फ्रेंचाइजी वाली इस टूर्नामेंट को फिर से शुरू करने का औपचारिक निर्णय लिया.**

अगर सब कुछ योजना के अनुसार रहा, तो लीग अगले साल की शुरुआत में फिर से शुरू हो सकती है. क्रिकबज को पता चला है कि अंतरराष्ट्रीय बोर्ड जल्द ही लीग की रूपरेखा पर विचार-विमर्श के लिए बैठक करेंगे, खासकर इस तथ्य को देखते हुए कि कई फ्रेंचाइजी मालिकों की टीमें कई देशों में हैं. इस क्रॉस-टीम स्वामित्व संरचना को संबोधित करना नियामकों के लिए एक प्रमुख चुनौती होगी, जिनसे अपेक्षा की जाती है - जैसा कि पहले भी होता रहा है - कि वे लीग के संचालन के लिए एक गवर्निंग काउंसिल या बोर्ड का गठन करें.

**क्रिकेट जगत में लीगों की आ गई बाढ़**

नियामकों के सामने एक और बड़ी चुनौती लीग के पैमाने और दायरे का निर्धारण करना होगा. जब 2015 में चैंपियंस लीग टी20 बंद कर दिया गया था, तब फ्रेंचाइजी-आधारित प्रतियोगिताएं केवल कुछ प्रमुख टेस्ट खेलने वाले देशों में ही मौजूद थीं. दस साल बाद, टी20 परिदृश्य में भारी और नाटकीय बदलाव आया है - क्रिकेट जगत में लीगों की बाढ़ आ गई है, यहाँ तक कि अमेरिका और यूएई जैसे एसोसिएट देश भी अपने टूर्नामेंट चला रहे हैं. नेपाल और कनाडा जैसे देश भी इस दौड़ में शामिल हो गए हैं. नवीनतम गणना के अनुसार, दुनिया भर में लगभग 11 प्रमुख फ्रेंचाइज लीग हैं, जिनमें इंग्लैंड का द हंड्रेड भी शामिल है. व्यस्त कार्यक्रम में समय निकालना आयोजकों के लिए एक और चुनौती होगी, क्योंकि उन्हें विभिन्न लीगों से टीमों के आवंटन पर भी फैसला लेना होगा. पिछले संस्करण की तरह, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और उसकी बहुचर्चित इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस नियोजित आयोजन में अग्रणी भूमिका निभाने की उम्मीद है. इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी), जो पिछली लीग का हिस्सा नहीं था, के भी सक्रिय सदस्य होने की संभावना है, जैसा कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) भी करेगा.